# परसौना-बरगवां सड़क की हालत खस्ता

## टोल टैक्स वसूली जारी, सड़क मरम्मत गायब, जिम्मेदार बेपरवाह



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । विकास के दावों के बीच परसौना से बरगवां तक की सड़क इस कदर जर्जर हो चुकी है कि इसे सड़क नहीं, गड्ढों का संग्रहालय कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जगह-जगह डामर उखड़ा पड़ा है, गिट्टियां बाहर आ गई हैं और बारिश में हुए छोटे-छोटे गड्ढे हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। नतीजा यह कि दोपहिया वाहन चालकों का हर सफर अब जोखिम भरा हो चला है। कई बाइक सवार गड्ढों में फंसकर फिसल चुके हैं और कई छोटे हादसों की खबरें स्थानीय स्तर पर लगातार सामने आ रही हैं।**

गौरतलब है कि उदित इंफ्रा टोल वसूली लगातार कर रहा है, लेकिन मरम्मत का नामोनिशान नहीं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सड़क का ये हाल है तो आखिर टोल किस बात का वसूला जा रहा है। उदिता इंफ्रा कंपनी के द्वारा भारी वाहनों से लगातार टोल टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि सड़क की हालत तीन महीने से तहस-नहस हो चुकी है। मरम्मत कार्य शून्य है और मेंटेनेंस के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति दिखाई देती है। स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि अगर सड़क को ही नहीं सुधारा जाना है तो फिर टोल वसूली को लेकर इतना उत्साह क्यों ? जबकि कई महीनों से बरगवां-परसौना सड़क मार्ग की हालत बद से बदत्तर हो चुकी है। सड़क पर चलना खतरे से खाली नही है। आये दिन सड़क के हालात के चलते सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद टोल प्लाजा संचालक वसूली में मदमस्त है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई करने के बजाय बचाने का प्रयास करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।

### एमपीआरडीसी की चुप्पी सवालों के घेरे में

एमपी आरडीसी के अधिकारी इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। जबकि नियम साफ कहते हैं कि टोल टैक्स इसीलिए लिया जाता है ताकि सड़क में कहीं भी गड्ढा बनते ही 24 घंटे के भीतर उसकी मरम्मत की जा सके। लेकिन यहां तो हाल ये है कि महीनों से सड़क का कचूमर निकला हुआ है और जिम्मेदार अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। जनता त्रस्त है, वाहन चालकों का दिन खराब है, लेकिन संबंधित विभाग और कंपनी दोनों जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते दिख रहे हैं।

### जनता पूछ रही कब मिलेगा जवाब

लोगों की मांग है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, टोल वसूली रोकी जाए और लापरवाही के दोषियों पर कार्रवाई हो। आखिर कब तक जनता खराब सड़क का खामियाजा भुगतेगी और कब तक टोल कंपनियां बिना काम किए वसूली करती रहेंगी। सिंगरौली में यह सवाल अब सड़क की तरह ही उभरकर सामने आ चुका है। टोल लिया, सड़क कहां दी, सवाल स्पष्ट है, एमपी आरडीसी और उदिता इंफ्रा जवाब दे, सड़क ठीक करे या टोल बंद करे।

### इनका कहना

बारिश के कारण सड़क जरूर खराब हो गई है, आज से ही सड़क का काम स्टार्ट हो गया है। कल से डामर का काम भी स्टार्ट हो जाएगा और जल्दी पूरी रोड को दुरुस्त कर दी जाएगी।

**समीर गोहर**
एजीएम, एमपीआरडीसी,

# नानक आया, नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया

## गुरु नानक जयंती पर प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । नानक आया, नानक आया...कल तारण गुरु नानक आया, इसी मंगल ध्वनि के साथ सिंगरौली व बीना क्षेत्र में श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुद्वारों में प्रभात फेरियों, अखंड पाठ, कीर्तन दरबार व लंगर सेवा का आयोजन हुआ।**

बीना के श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सुबह से ही संगत जुटी रही। गुरुद्वारे को आकर्षक रूप से सजाया गया और कई दिन पूर्व से प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। आरंभ हुए अखंड पाठ का समापन आज किया गया। वाराणसी से पहुंचे रागी जत्था भाई रकम सिंह ने मिट्टी धुंध जग चानन होया, कल तारण गुरु नानक आया, जैसे शबद-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय कर दिया। कीर्तन, अरदास और आनंद साहिब के पाठ के पश्चात लंगर सेवा शुरू की गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने गुरुप्रसाद ग्रहण किया। गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं इक ओंकार, सतनाम, सेवा, सिमरन, सत्य, समानता और मानवता को श्रद्धालुओं ने याद किया। सिंगरौली, जयंत, रेनुसागर, शक्तिनगर और आसपास के गुरुद्वारों में भी प्रभात फेरी, कीर्तन दरबार और लंगर के साथ पर्व मनाया गया। शाम को सिंगरौली गुरुद्वारा में विशेष कीर्तन व गुरु का लंगर आयोजित किया गया। प्रकाश पर्व पर संगत ने अरदास किया कि गुरु नानक देव जी के संदेश नाम जपो, कीरत करो, समाज में सद्भाव, शांति और सेवा का दीप जलाते रहें। श्री गुरुनानक देव महाराज का 556वां प्रकाशपर्व केंद्रीय रूप से श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बैढ़न में श्रद्धापूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में विशेष रूप से साज-सज्जा की गई। कार्यक्रम स्थल गुरुद्वारा को सजाया गया। जहां सभी जगह से संगत एकत्रित हुई।

## एक नजर में



### स्व. अर्जुन सिंह की मनाई गई 95वीं जयंती

**चितरंगी।** राष्ट्रनायक सर्वहारा वर्ग के हितैषी पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री, दाऊ साहब स्व. कुंवर अर्जुन सिंह की 95वीं जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चितरंगी एवं बैरदह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में मरीजों को फल वितरण किया गया। जिसमें सर्व राजबली वैश्य, मिश्री लाल गुप्ता, एमडी सिंह एडवोकेट, संकठा सिंह बबलू अध्यक्ष ब्लॉक चितरंगी, भूपेंद्र कुमार द्विवेदी, लालता सिंह, सैलेंद्र सिंह, पंकज पैकरा, राजकुमार सिंह, नागेंद्र यादव, अरुण तिवारी एडवोकेट, सरदमन सिंह, रामप्रताप, कमलनारायण सिंह, लालकुमार कोल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जगह-जगह टूटी है नल-जल योजना की पाइप

**चितरंगी।** नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र में नल-जल योजना की पाइप कई जगह क्षतिग्रस्त हैं। जिसके चलते चलते सड़क पर ही पानी बह रहा है। इस ओर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है। आलम यह है कि नगरीय क्षेत्र में पेय जल की पाइप कई जगह क्षतिग्रस्त हैं। या फिर लिकेज है। गनियारी पीएम आवास के पास कई महीने से पाइप क्षतिग्रस्त है और प्रतिदिन हजारो लीटर पानी व्यर्थ का बह रहा है। सड़क पर पानी बहने से आवागमन में भी परेशानी हो रही है। साथ ही व्यर्थ पानी बह रहा है। इसी तरह बलियरी सड़क मार्ग, कचनी सड़क मार्ग सहित कई ऐसे चिन्हित स्थान हैं। जहां पाइप टूटी हुई है। इन मार्गो से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा पार्षद आ-जा रहे हैं। लेकिन व्यवस्था को सुधारने पर कोई ध्यान नही दे रहे हैं। ऐसे में कई हजार लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है।

# उप पंजीयक ने नहीं दिया सूचना अधिकार अधिनियम की जानकारी

## अधिवक्ता रामसेवक बैस ने दिया था आवेदन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । जिला एवं सत्र न्यायालय बैढ़न के अधिवक्ता रामसेवक बैस ने सूचना अधिकारी अधिनियम के तहत उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार से सितम्बर महीने के चौथे सप्ताह में जानकारियां मांगा था। लेकिन उप पंजीयक ने जानकारी नही दिया। अंततः अधिवक्ता ने अपील कर लिया है।**

दरअसल अधिवक्ता रामसेवक बैस ने बताया कि सेवा प्रदाता अंकित प्रसाद दुबे पिता इन्द्र प्रसाद दुबे का वेन्डरशिप समाप्त किये जाने का कलेक्टर के समक्ष मौखिम शिकायत पत्र जारी एवं पारित आदेश 9 जून 2025 को लेख किया गया। जिसके नकल के लिए सूचना अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के समक्ष 23 सितम्बर को आवेदन को पेश किया गया। समय सीमा पूर्ण होने के बावजूद किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रदान नही किया गया और न ही कोई शिकायत पत्र की कॉपी एवं कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश दिया गया। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि उप पंजीयक सिंगरौली कलेक्टर का फर्जी हवाला देकर द्वेवश भावना से सेवा प्रदाता का वेन्डरशिप समाप्त होने संबंध में कार्रवाई की गई। अधिवक्ता ने कहा कि उप पंजीयक के द्वारा जानकारी न देने पर वरिष्ठ अधिकारी के यहां अपील की गई है।

### साहिल के दखल से सेवा प्रदाता परेशान

साहिल उप पंजीयक सर्वेसर्वा है। उसके आगे किसी की भी नही चलती। जिस तरह से उप पंजीयक को सलाह देगा वे उसी तरह के कार्य करते हैं। आरोप है कि साहिल कई महीनों से उप पंजीयक दफ्तर में एक-एक रजिस्ट्रियों पर नजर रखते हुये दखल देता रहता है। जबकि साहिल उप पंजीयक दफ्तर का कोई स्टाफ भी नही है, हालांकि वह सेवा प्रदाता जरूर है। लेकिन दफ्तर में दखल देने के लिए छूट कहां से मिली हुई है। सूत्र बताते हैं कि कई सेवा प्रदाता इस दखलंदाजी से परेशान हैं। वहीं पूरे दिन दफ्तर में मौजूद रहता है। अब सवाल उठ रहा है कि सब रजिस्टार कार्यालय का स्टाफ न होने के बावजूद कुछ वर्षो से पूरी तरह से सक्रिय रहता है। इसकी कई बार शिकायते भी हुई, लेकिन पंजीयक भी नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि उन्हें भी सब कुछ पता है।

# रेत कारोबारियों को दिन में भी चोरी करने की मिली छूट !

## कोतवाली क्षेत्र बैढ़न का मामला, हर्रहवा एवं म्यार नदी से रेत की चोरी जोरों पर, पुलिस नहीं करती कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में रेत कारोबारियों को अब दिनमान में भी रेत की चोरी करने की छूट मिल गई है। यह छूट किसने दिया है। स्पष्ट नही हो रहा है, लेकिन पुलिस के द्वारा कार्रवाई न किये जाने पर भी तरह-तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं।**

गौरतलब है कि कोतवाली बैढ़न पुलिस लगातार दावा करती आ रही है कि बैढ़न क्षेत्र में अवैध गतिविधियां बंद हैं। कहीं से भी रेत की चोरी नही हो रही है। पुलिस बड़े दमखम के साथ इस तरह की दावे करती है, लेकिन पिछले दो दिन पूर्व खनिज विभाग की टीम ने रेत की चोरी करते दो ट्रैक्टरों को कोतवाली क्षेत्र से दबोचने में सफल रही है। खनिज विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद कोतवाली पुलिस के दावे के ढोल का पोल खुल गया है। सूत्र बता रहे हैं कि कोतवाली बैढ़न इलाके में दर्जन भर से ऊपर ट्रैक्टर म्यार नदी से हर्रहवा से रेत के उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण में लगे रहते हैं। चर्चा है कि कोतवाली पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है। इसीलिए अब दिनमान में भी रेत की चोरी होने लगी है। सूत्र बताते हैं कि एक रात में एक ट्रैक्टर से चार से पॉच हजार रूपये वसूल किया जाता है और धड़ल्ले के साथ रेत कारोबारी कोतवाली क्षेत्र के नदियों से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। इन दिनों इन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नही है। जबकि पुलिस रात में गस्त भी करती है। लेकिन इन ट्रैक्टरों पर उनकी नजर नही पड़ती है। इसके पीछे कारण क्या है, इसे तो कोतवाली पुलिस ही बता पाएगी। लेकिन कोतवाली क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कारोबार जोर पकड़ लिया है। पुलिस के दावा यहां केवल हवाहवाई है। अधिकारियों की नजर में कोतवाली पुलिस झूठी वाहवाही लेने के प्रयास में रहती है। फिलहाल कोतवाली क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण को लेकर पुलिस पर तरह-तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

# विंध्याचल में रेडियोग्राफी इंटरप्रिटेशन लेवल कोर्स का हुआ शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 5 नवम्बर। वर्ल्ड क्वालिटी मंथ के उपलक्ष्य में एनटीपीसी के मूल मूल्य टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी को साकार करते हुए आरएलआई विंध्याचल में रेडियोग्राफी इंटरप्रिटेशन लेवल-II प्रमाणन पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

यह एक सप्ताह का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम औद्योगिक रेडियोग्राफी के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता और गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन एजे राजकुमार महाप्रबंधक द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र का पूर्ण समर्पण और ध्यानपूर्वक लाभ लेने की सलाह दी। देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक ने बताया कि आईएसओ 9712 लेवल-II प्रमाणन न केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, बल्कि यह प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक परीक्षण कौशल और मूल्यांकन की प्रक्रिया से परिचित कराता है, जिससे वे गुणवत्ता निरीक्षण में अधिक जिम्मेदारी निभा सके।



# मोरवा में आयोजित हुआ आत्मरक्षा स्वयंसिद्धा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की मंशानुसार जिला पुलिस बल सिंगरौली द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर मोरवा में आत्मरक्षा स्वयंसिद्धा आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण सेल्फडिफेंस ग्रुप के तकनीकी निदेशक गणेश सिंह विशाल एवं हेड कोच खुशबू साकेत द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मोरवा थाना की सउनि गुलाब प्रसाद बहरोलिया, आर राहुल साहू एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही नियमित रूप से करें : सविता

## ननि आयुक्त ने की सीएम हेल्पलाइन एवं पीएम आवास की समीक्षा बैठक



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । नगर निगम परिषद हॉल में ननि आयुक्त सविता प्रधान की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में विभिन्न वार्डों से प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता एवं पेयजल से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही नियमित रूप से करें तथा डेयरी संचालकों द्वारा खुले में मवेशी छोड़े जाने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्माणाधीन आवासों का शीघ्र निर्माण पूर्ण कर वार्डवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशित किया। कम प्रगति वाले इंजीनियरों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास की राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, उनके बैंक खाते सीज करवाने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही आयुक्त ने इंजीनियरों के दैनिक रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए कार्य की समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त आरपी बैस, सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, रूपाली द्विवेदी, एचएम श्रीवास्तव, लेखाधिकारी अनुपम दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनसीएल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का हुआ समापन




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर। एनसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। एनसीएल में यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर आयोजित किया गया था।**

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समापन समारोह के दौरान सीएमडी एनसीएल बी साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी कोल इंडिया ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, निदेशक मनीष कुमार, रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह, आशुतोष द्विवेदी, अजय कुमार जायसवाल एवं मुख्य वक्ता के रूप में हिमांशु बिश्नोई मौजूद रहे। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी साईराम ने अपने संबोधन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह को एक सतर्कता रिमाइंडर बताते हुए कहा कि सतर्कता एक विभाग की नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी है। आगे कहा कि जटिल परिस्थितियों में सतर्कता हमारा मार्गदर्शन करती है और हमें सही दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा देती है।

# एसडीएम ने ली स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

## एनआरसी का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 5 नवम्बर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में बीते दिवस नवागत एसडीएम सौरभ मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

इस बैठक में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएस बैस, आरआरटी डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. शिखर शर्मा सिंगरौली टीम, विकासखंड अंतर्गत बीसीएम छत्रपति सिंह बीपीएम रामलाल कोरी सभी सेक्टर पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ, एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू शामिल रहे। बैठक में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की प्रगति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण अभियान, पोषण आहार वितरण, जननी सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

# काशी, अयोध्या की तर्ज पर मनाई देव दीपावली

## 21 हजार दीयों से जगमगाया मेढ़ौली घाट, रंगोली में छलका विस्थापन का दर्द, पटना के कलाकारों ने बांधा समां



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 नवम्बर । मोरवा स्थित मेढ़ौली छठ घाट पर इस वर्ष देव दीपावली का आयोजन बेहद भव्य और अनूठा रहा। कार्तिक पूर्णिमा की पावन संध्या पर घाट पर जलते 21 हजार दीयों की रोशनी ने वातावरण को आध्यात्मिकता, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक गर्व से भर दिया।**

सूर्य पूजन डाला छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में काशी और अयोध्या की झलक देखने को मिली। जहां एक ओर काशी की तर्ज पर अलौकिक गंगा आरती हुई, वहीं अयोध्या की भांति दीपों से घाट जगमगाया और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बता दें कि लगातार चार वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। मोरवा वासियों का उत्साह इस आयोजन में स्पष्ट नजर आया और शाम से ही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों छात्रों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं और अन्य संस्थानों के छात्रों ने कई घंटे की मेहनत से मनमोहक रंगोलियाँ बनाई। इन रंगोलियों में जल संरक्षण, वायु प्रदूषण और मोरवा के विस्थापन के दर्द को रेखांकित किया गया। जिसने समाज और प्रशासन को सोचने पर मजबूर कर दिया। पटना से आए कलाकारों की भक्ति प्रस्तुति ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। जबकि आकाश में छूती शानदार आतिशबाजी ने उत्सव को और रोमांचक बना दिया। जबलपुर और प्रयागराज से आए पुजारियों द्वारा विधिवत गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसे देखकर लोगों को काशी का अलौकिक दृश्य याद आ गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों में ननि महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।